46

**1B1N240124** (Pages : 4) Reg. No:.........................

Name: .............................

FAROOK COLLEGE (AUTONOMOUS), KOZHIKODE

**First Semester BA Degree Examination, November 2024**

**HIN1FA102(1) – Hindi Bhasha Mein Sanchar aur Rachantmak Lekhan Ka vikas - Bhag 1**

(FYUGP 2024 Admission)

Time: 1.5 hours Max. Marks : 50

**Course Outcome Mapping Scheme**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| CO1 | CO3 | CO3 | CO3 | CO1 | CO4 | CO4 | CO4 | CO1 | CO1 |
| **11** | **12** | **13** | **14** | **15** | **16** | **17** | | | |
| CO1 | CO1 | CO1 | CO6 | CO6 | CO2 | CO2 | | | |

## खंड क

**।निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न का 2 अंक है। अधिकतम 16 अंक मिल सकते हैं।**

1) भारतीय संविधान को पूर्ण रूप में तैयार करने में कितने समय लगा था?
2) भारतीय संविधान के उद्देशिका में प्रयुक्त मुख्य शब्द कौन-कौन सा हैं ?
3) नमक का दारोगा किसकी रचना है? इसका संदेश क्या है?
4) 'आखिरी पड़ाव के पहले' किस विधा की रचना है? लेखक का नाम लिखिए?
5) पंचपरमेश्वर कहानी का नाट्य रूपांतरण किसने किया है? इसके प्रमुख पात्रों का नाम लिखिए?
6) निम्नलिखितखंड से कर्ता, कर्म, क्रिया और कारक को चुनिए।
'बाबूजी, गुस्सा न हों', वह ग्रामीण औरत हाथ जोड़कर बोली, 'मैं बहुत परेशान हूँ, मेरे बेटे को घर से गए तीन दिन हो गए हैं-उसे कल ही आ जाना था! पहली दफा घर से अकेला बाहर निकला है'
'पर तुमने बच्चे को अकेला भेजा ही क्यों?'औरत की गिड़गिड़ाहट से पसीजते हुए उसने पूछ लिया।
7) निम्नलिखित खंड से संज्ञा, सर्वनाम और विशेषण को चुनकर लिखिए।
बैल की मृत्यु केवल इस कारण हुई कि उससे बड़ा कठिन परिश्रम लिया गया और उसके दाने-चारे का कोई अच्छा प्रबंध नहीं किया गया। यह अलगू चौधरी की इच्छा पर निर्भर है। वह कोई रियायत करें तो यह उनकी भलमानसी!
8) अंग्रेजी से हिंदी में अनुवाद कीजिए ।
   - Ramu is about to go home.
   - It will be a holiday on Monday.
   - Trains are not running timely these days.
   - It was about to rain when they reached the station.

9) वाक्य संशोधन कीजिए

- मैं दरियाँ बुनकर घर का खर्चा चलाती है।
- सुबह बनारस चला गया वह।
- पकौड़ा गर्म था बहुत ।
- आप इतना चिंता क्यों करता है ।

10) वार्तालाप तैयार कीजिए –

'पर कितना अकेला। एक बात बताऊँ! वहाँ अलबर्टा में हम सब अकेले हैं, द्वीप की तरह। आपके भाई कभी-कभी कहते हैं, नीरद ने ठीक किया , जो परदेस नहीं आया।' 'परदेसी' कहानी का मुख्य पात्र रिचर्ड के अलबर्टा वापस लौटने के बाद भाई और उसके बीच के संभावित वर्तालाप तैयार कीजिए।

## खंड ख

**II निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न का 6 अंक, अधिकतम 24 अंकमिल सकते हैं।**

11) 'प्रथम रश्मि का आना रंगिणि!
तूने कैसे पहचाना?
कहाँ, कहाँ हे बाल-विहंगिनि!
पाया तूने यह गाना?- इन पंक्तियोंके भाव व्यक्त कीजिए ।

12) "वह हैरान रह गई। उसे अपनी आँखों पर विश्वास ही नहीं हो रहा था-इन तीन दिनों में उसका बेटा इतना बड़ा कैसा हो गया?" संदर्भ लिखिए।

13) 'मैं दूँगा माकूल जवाब' कविता का सार लिखिए।

14) हिंदी से अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए।

अलगू: (शान्तचित्त)जुम्मन मियाँ, तुम्हारी ख़ाला ने तुम्हें कितनी जमीन दान में दी थी?

जुम्मन: तीन बीघा।

अलगू: जमीन रजिस्ट्री करवाने से पहले तुमने ख़ाला से लंबे चौड़े वायदे किए थे?

जुम्मन: किए थे।

अलगू: क्या-क्या वायदे किए थे?

जुम्मन: यही कि, ख़ाला को कोई तकलीफ न होगी। जब जो खाना का जी चाहे, खा सकती हैं।

अलगू: और?

जुम्मन: सारे पीर दरगाहों का दर्शन कराऊँगा।

अलगू: तुमने वादे पूरे किए?

जुम्मन: बेशक, कभी खाने-पीने की तकलीफ नहीं हुई ख़ालाजान को।

15) संक्षेपण कीजिए।

'पिता जी के दिल के दोनों वाल्व खराब हो गए हैं, ठीक से पंप नहीं कर रहे', भैया ने भारी मन से हम दोनों भाइयों को जानकारी दी थी।साथ में यह हिदायत भी, 'बहुत चर्चा करने की जरूरत नहीं।पिता जी से कतई

नहीं।' भाभी जी ने अपनी ननदों को फोन कर संकेतों में बता दिया और यह सुझाया भी, 'आकर मिल लेना ठीक होगा।'

यह जानकारी परिवार पर व्रजपात की तरह थी।भैया और भाभी डॉक्टर हैं।वे बीमारी की गंभीरता और संभावित नतीजे को जानते थे।इसलिए हम सुने तो आशंकित हो गए।खुर्पी और हंसिया के संघर्ष से बेटों को उच्च सरकारी पदों तक की यात्रा, पिता जी के जीवन की स्वप्नदर्शी मुकाम थी।ऐसे मुकाम पर पहुंचकर वह, आखिरी पड़ाव की ओर बढ़ रहे थे।

भैया-भाभी का अपना अस्पताल है, घर से सटा हुआ।वहां चिकित्सा की जरूरी सुविधाएं उपलब्ध हैं।जल्द ही पिता जी के कमरे को अस्पताल में तब्दील कर, बेहतर देख-रेख शुरू कर दी गई थी।
भैया ने कुछ सीनियर डॉक्टरों से राय ली। मेडिकल कॉलेज के कई सीनियर डॉक्टर, जो भैया के साथ पढ़े थे, या जिन्हें भैया ने पढ़ाया था, पिता जी को देखने आए। भैया और उनके बीच घंटों विचार-विमर्श चला। कुछ विदेशी डॉक्टरों से भी राय ली गई।

## खंड ग

**III. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न का 10 अंक है।**

**(1x10=10)**

16) 'पर आज मुझे एहसास हुआ, पंच के पद पर बैठकर न कोई किसी का दोस्त होता है न दुश्मन! न्याय के सिवाय कुछ नहीं सूझता'-'पंच परमेश्वर' के मुख्य पात्र जुम्मन शेख़ के इस कथन के आधार पर उसके चरित्र में आए बदलाव पर प्रकाश डालिए।

17) 'परदेसी' कहानी में भारतीय संस्कृति के महत्व को उजागर किया है। अपना विचार प्रकट कीजिए।

47

1B1N240125 (Pages : 3) Reg. No:..........................

Name: ..............................

FAROOK COLLEGE (AUTONOMOUS), KOZHIKODE

**First Semester B.Sc Degree Examination, November 2024**

**HIN1FA102(2) – Hindi Bhasha Mein Sanchar aur Rachantmak Lekhan Bhag 1**

(FYUGP 2024 Admission)

Time: 1.5 hours Max. Marks : 50

**Course Outcome Mapping Scheme**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| CO1 | CO2 | CO4 | CO3 | CO4 | CO1 | CO2 | CO2 | CO4 | CO5 |
| **11** | **12** | **13** | **14** | **15** | **16** | **17** | | | |
| CO5 | CO1 | CO2 | CO5 | CO4 | CO3 | CO1 | | | |

खंड क

**I निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न का 2 अंक है। अधिकतम 16 अंक मिल सकते हैं।**

1) निर्मला किस विधा की रचना है ? लेखक का नाम लिखिए।

2) मौलिक अधिकार का महत्व क्या है?

3) भारतीय संविधान कब से लागू हुआ?

4) आज़ादी कहानी की दादी का चरित्र चित्रण कीजिए?

5) निम्नलिखित खंड से कर्ता, कर्म, क्रिया और कारक को चुनिए।

यहाँ की हवा बड़ी स्निग्ध थी। धूप खिली थी। पेड़ों के झुरमुटों से सारी धरती ढकी थी। ऐसे ही एक झुरमुट को काटकर नूतन ने यहाँ रहने के लिए एक मकान बनाया था।

6) निम्नलिखित खंड से संज्ञा, सर्वनाम और विशेषण को चुनकर लिखिए।

एक दिन स्कूल में सफ़ेद कपड़े पहन कर आने के लिए कहा गया। सुबह-सुबह पन्द्रह अगस्त का जलसा था। मैं मुँह अंधेरे नहा कर तैयार हो गई। स्कूल जाने से पहले दादी की कोठरी में गई, 'दादी, आज आज़ादी का दिन है, हम स्कूल जा रहे हैं, तिरंगा झंडा फ़हराया जाएगा।'

7) आशा कविता का भावार्थ लिखिए।

8) ग्राम-दृष्टि कविता की व्याख्या कीजिए।

9) वाक्य संशोधन कीजिए।

क ) मैंने तुम्हें नहीं ले जाऊँगा।

ख)इस उपग्रह पर कोई प्राणी नहीं था।

ग ) मेरे को तुमने परेशान कर दिया।

ङ) ये बोलता है।

10) वार्तालाप तैयार कीजिए।

'ये वनस्पति, ये पेड़ ही इस लोक के प्राणी हैं। ये बोलते हैं। इनमें हमसे बढ़कर अनुभूति है। ये मुझसे आदमी की तरह प्यार करते हैं।' उपग्रह में नामक कहानी के इस अंश के आधार पर मुख्य पात्र पंपोश और पेड़ के बीच के संभावित वार्तालाप तैयार कीजिए।

**खंड ख**

**II निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न का 6 अंक, अधिकतम 24 अंक मिल सकते हैं।**

11) कहि रहीम सम्पत्ति सगे, बनत बहुत बहु रीत।

विपति कसौटी जे कसे, तेई साँचे मीत।।-भावार्थ लिखिए।

12) बास कहानी में चित्रित समस्या को व्यक्त कीजिए।

13) संध्या सुंदरी कविता का सार लिखिए।

14) हिंदी से अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए।

आवाज़: आप दोनों मौजूद हैं। किवाड़ खोलिए

दोनों: नहीं खोलेंगे!

आवाज़: हम दरवाज़ा तोड़ देंगे।

चूड़ामणि: बड़ी खुशी से! आपका दरवाज़ा है।

मार्तण्ड: और अपनी चीज़ अगर आप तोड़ें तो भला हम रोकने वाले कौन होते हैं।

आवाज़:हम आपसे प्रार्थना करते हैं कि दरवाज़ा खोलिए।

15) संक्षेपण कीजिए।

नूतन बहुत खुश था। वह लूना-7 के रॉकेट के साथ एक ऐसे उपग्रह से लौटा था, जिसकी खोज हाल ही में कुछ वैज्ञानिकों ने की थी। चंद्रमा और पृथ्वी के बीच में वह ऐसा उपग्रह था, जिसे वैज्ञानिक नूतन ने कई वर्षों तक व्योम में भीषण उड़ानें भरकर खोजा थी। इस उपग्रह में चाँद तक पहुँचने से पहले एक स्टेशन बनाने की योजना थी। यहाँ का तापमान, जलवायु और वातावरण ऐसा था, जिसमें मानव सरलता से हज़ारों वर्ष तक रह सकता था। दूसरे यह उपग्रह चंद्रमा की कक्षा में न होकर पृथ्वी की कक्षा में था।

इस उपग्रह में अब तक कोई प्राणी नहीं था। नूतन जानता था कि यदि पृथ्वी के लोगों तो इस ग्रह में का पता लग गया तो यहाँ बसने के लिए हज़ारों लोग तैयार हो जाएँगे। वह यहाँ सूनेपन और निर्जनता का आनंद लेना चाहता था। वह जानता था कि एक दिन ऐसा ज़रूर आएगा, जब पृथ्वी पर आबादी बढ़ जाएगी और मनुष्य को आकाश में बसाने के लिए उपग्रह खोजने होंगे। जल्दी ही मानव उसके द्वारा खोजे गए उपग्रह को भी पद-दलित कर देगा। यहाँ विमानों की घरघराहट और शोर-गुल शुरू हो जाएगा और फिर पृथ्वी जैसा द्वंद्व और संघर्ष चलेगा, जो उसे बिलकुल पंसद नहीं था।

वह चाहता था कि अपनी प्रियतमा पंपोश से विवाह करे और विवाह के बाद तुरंत हनीमून मनाने के लिए इस ग्रह की ओर अपने विशेष विमान लूना-7 से प्रस्थान कर जाए और फिर पृथ्वी पर कभी न लौटे। नूतन पच्चीस वर्ष का युवक था। आरंभ से ही उसकी व्योम विहार में रुचि थी। वायुसेना अनुसंधान शाखा में पाँच वर्ष नौकरी करने के बाद वह अन्य देशों के साथ-साथ किए जाने वाले व्योम अनुसंधानों के सिलसिले में आकाश में दूर-दूर तक उड़ने लगा।

## खंड ग

**III. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न का 10 अंक है।**

**(1x10=10)**

16 'दो कलाकार' नाटक में कलाकारों के जीवन की कष्टताओं का वर्णन है। पात्रों की चरित्रगत विशेषताओं के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

17. 'उपग्रह में' कहानी का सारांश लिखिए।

48

**1B1N240126** (Pages : 2) Reg. No:..........................

Name: ..........................

FAROOK COLLEGE (AUTONOMOUS), KOZHIKODE

**First Semester BCOM Degree Examination, November 2024**

**HIN1FA102(3) – Sanchar Kaushal Vikas – Bhag – 1**

(FYUGP 2024 Admission)

Time: 1.5 hours Max. Marks : 50

**Course Outcome Mapping Scheme**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| CO1 | CO3 | CO3 | CO3 | CO1 | CO4 | CO4 | CO4 | CO1 | CO1 |
| **11** | **12** | **13** | **14** | **15** | **16** | **17** | | | |
| CO1 | CO1 | CO1 | CO6 | CO6 | CO2 | CO2 | | | |

**I निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न का 2 अंक है। अधिकतम 16 अंक मिल सकते हैं।**

1) राजभाषा क्या है?

2) भारतीय संविधान कब लागू हुआ?

3) वह मैं हुँ किस विधा की रचना है? लेखक का नाम लिखिए।

4) सभ्यता का रहस्य कहानी का संदेश क्या है?

5) निम्नलिखित खंड से कर्ता, कर्म, क्रिया और कारक को चुनिए।

एक रात एक दिन गाड़ी में सफर करके आए हैं। मार्ग की धूल सारे शरीर पर पड़ी हुई है। चलिए, चलिए, जल्दी हाथ-मुँह धोकर कपड़े बदलिए। मैं इतने में चाय तैयार करती हूँ। (बसंत को स्नानगृह के दरवाजे की ओर धकेल देती है और नौकरानी को आवाज़ देती है।)

6) संविधान सभा के किन्हीं चार प्रमुख सदस्यों का नाम लिखिए।

7) मेरो मन राम-हि-राम रटै

राम-नाम जप लीजै प्राण, कोटिक पाप कटै-इन पंक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए।

8) 'औरत' नामक कविता का सार लिखिए।

9) 'कॉर्नसूप' कहानी का केंद्रीय विषय क्या है?

10) हम एक ही शहर के वासी हैं और

हमारा बहाव एक ही जैसा है- संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए।

**खंड ख**

**II निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न का 6 अंक, अधिकतम 24 अंक मिल सकते हैं।**

11) जाति न पूछो साधू की पूछ लीजिए ज्ञान।

मोल करो तरवार को न पडा रहन दो म्यान।। —व्याख्या कीजिए।

12) बहिन की शादी में मित्र को आमंत्रित करते हुए एक पत्र लिखिए।

13) पुरस्कार कहानी के मुख्य पात्र मधुलिका का चरित्र चित्रण कीजिए।

14) हिंदी से अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए।

मेरा ख़याल था, मैं आपको सुख पहुँचा सकूँगी। आपके अव्यवस्थित जीवन को व्यवस्था सिखा दूँगी, किंतु मैं देखती हूँ मेरा समस्त प्रयास विफल हैं...आपको इस गंदगी, इस अव्यवस्था में सुख मिलता है। आपको मेरी व्यवस्था, मेरी सफाई बुरी लगती हैं। मैं आपकी दुनिया में न रहूँगी। मैं आज ही चली जाऊँगी।

15) किसी नई फिल्म पर दो मित्रों का संवाद लिखिए।

**खंड ग**

**III. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए।प्रत्येक प्रश्न का 10 अंक है।**

(1x10=10)

16) 'तौलिये' एकांकी की मुख्य समस्या पर प्रकाश डालिए।

17) 'नो बार' कहानी का उद्देश्य व्यक्त कीजिए।